शिक्षित बनो | संगठित रहो | संघर्ष करो

डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान

13-14, झालाना डूँगरी, जयपुर-302004 फोन : 0141-2711660, पंजीयन संख्या 290/80-81

E-mail :- dramdkr@gmail.com Website : www.dramdkrsociety.com

सोशल मीडिया से जुड़े

dr.amws

@DrAMWS2022

@bhimchannel22

डॉ. अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी

क्रमांक: DrAMWS/2026/GS/056 दिनांक : 31.01.2026

1. श्री सत्यवीर सिंह, 93, गंगासागर बी कोलोनी, वैशाली नगर, जयपुर -302021
2. श्री रामेश्वर प्रसाद बैरवा, 88, पृथ्वीराज नगर, महारानी फार्म, दुर्गापुरा, जयपुर -302018
3. डॉ चेतराम रायपुरीया, ए-2, हरविलास, शारदा मार्ग, सिविल लाइंस, अजमेर -305001
4. श्री दयानंद सक्करवाल, ए-6, आनंद विहार, गोपालपुरा बाईपास, रिद्धि सिद्धि चोराहा, जयपुर -302018

(ईमेल द्वारा प्रेषित)

विषय: आपका अवैधानिक पत्र क्रमांक Dr. AMWS/83/2026 दिनांक 30.01.2026

महोदय,

उपरोक्त विषय में लेख है कि डॉ अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान केंद्रीय कार्यसमिति चुनाव वर्ष 2025-26 हेतु श्री जेपी विमल को चुनाव अधिकारी के पद से सोसायटी पत्र क्रमांक 2284 दिनांक 18.12.2025 (प्रति संलग्न है) एवं क्रमांक 2245 दिनांक 30.11.2025 (प्रति संलग्न है) द्वारा हटाया जा चुका था और श्री छगन बेनीवाल को सोसायटी पत्र क्रमांक 2247 दिनांक 30.11.2025 (प्रति संलग्न है) द्वारा चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था। श्री जेपी विमल द्वारा करवाए गए अवैधानिक चुनाव को सोसायटी पत्र क्रमांक 026 दिनांक 08.01.2026 (प्रति संलग्न है) द्वारा निरस्त किया जा चुका है।

आप द्वारा सोसायटी परिसर एवं भवनों पर दिनांक 07.01.2026 को गैर कानूनी रूप से सोसायटी परिसर, झालाना डूंगरी, जयपुर में मारपीट एवं हिंसा करके और ताले तोड़कर कब्जा करने पर पुलिस थाना गांधीनगर, जयपुर में दिनांक 15.01.2026 को आपके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जा चुकी है। (प्रति संलग्न है)

दिनांक 27.01.2026 को पुलिस द्वारा मेरी उपस्थिति में संस्था परिसर, झालाना डूंगरी, जयपुर में मोका मुआयना किया गया, जिसमें पाया गया कि महासचिव कार्यालय कक्ष पर जबरन कब्जा करने पश्चात् वहां से आफिस फाइलें, सोसायटी को प्राप्त भरे हुए सदस्यता आवेदन फार्म, विभिन्न रजिस्टर, सीसीटीवी कैमरे एवं मशीन, मेरा व्यक्तिगत लेपटाप बैग जिसमें लेपटाप, फोन पावर बैंक, अन्य व्यक्तिगत सामान एवं व्यक्तिगत धनराशि रूपए 18000/- रखी हुई थी, को आप सभी व्यक्तियों द्वारा खुर्द-बुर्द एवं गबन किया जा चुका था और दो व्यक्ति अनाधिकृत रूप से वहां बैठकर कार्य कर रहे थे।

आपने झूंठ लिखा है कि मुझे कोई अवैधानिक पत्र क्रमांक दिनांक 08.01.2026 द्वारा कार्यभार संभलाने हेतु अनुरोध किया था, कृपया इस अवैधानिक पत्र को मेरे पास कैसे पहुंचाया गया था, स्पष्ट करें।

मेरे पास किसी भी आलमारी की कोई चाबी नहीं है, सोसायटी में कार्यरत कर्मचारियों से आपने पहले ही सबकुछ प्राप्त कर लिया है।

जब तक वैधानिक रूप से निर्वाचित महासचिव को मेरे द्वारा वैधानिक रूप से कार्यभार नहीं संभलाया जाता है, मैं महासचिव का कार्य करता रहूंगा, जोकि सोसायटी विधान अनुसार मेरा अधिकार और कर्तव्य भी है ।

(जी एल वर्मा)

महासचिव

9829688869

प्रति सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:

1. रजिस्ट्रार संस्थाएं, देव नगर, टोंक फाटक, जयपुर ।
2. श्रीमान थानाधिकारी जी, थाना गांधीनगर, जयपुर।
3. सोसायटी सदस्य, सोसायटी वेबसाइट, सोशल मीडिया, प्रेस एवं मीडिया के माध्यम से।

महासचिव